तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



13 रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, पांच हाईवा जब्त...





14 शिक्षक अर्जुन व गिरवर ने हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण...









## खबर संक्षेप

### विधायक का जनदर्शन कार्यक्रम स्थागित

**राजिम।** स्वास्थ्यगत कारणों के चलते राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के निवास कार्यालय में प्रतिदिन लगने वाला जनदर्शन एवं अन्य कार्यक्रम



आगामी एक सप्ताह तक के लिए स्थगित किया गया है। उनका प्रतिदिन लगने वाला जनदर्शन व क्षेत्रीय दौरा कार्यक्रम पूर्व की तरह जारी रहेंगे। उक्त जानकारी उनके निज सहायक किशोर साहू ने दी है।

### उप सरपंच की बैठक 18 को

**छुरा।** ग्राम पंचायत के उप सरपंच की बैठक 18 मई को जनपद पंचायत छुरा के सामने आदिवासी भवन में 10 बजे रखा गया है। बैठक में उप सरपंच संघ का गठन विस्तार पूर्वक किया जाना है। बैठक में जनपद पंचायत छुरा जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी उपस्थित रहेंगे एवं पंचायतों में विभिन्न प्रकार के योजना, जानकारी और सरपंच के बाद उप सरपंच का मुख्य कार्य होता हैं। इस कारण आने वाले समय की गतिविधियों को देखते हुए सभी पंचायत उप सरपंचों को आना अनिवार्य है। एवं जिस भी पदाधिकारीगणों को बैठक जानकारी प्राप्त नहीं होगा तो इसी को सुचना स्वीकार कर अधिक से अधिक संख्या में आना अनिवार्य होगा।यह जानकारी रुपनाथ बंजारे, कृष्णा पटेल, परमेश्वर यादव, रेखचंद साहू, टिकेंद्र साहू, कांता यादव एवं यामिनी चंद्राकर सभी उप सरपंच ने दिया है।

### बेलटुकरी के स्थान पर कौंदकेरा में 31 को लगेगा समाधान शिविर

**गरियाबंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का किया जा रहा है। जिसके तहत तृतीय एवं अंतिम चरण में 05 से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 मई को ग्राम पंचायत बेलटुकरी में समाधान शिविर आयोजित किया गया था, जिसे संशोधित करते हुए 31 मई को ही शासकीय हाईस्कूल कौंदकेरा प्रांगण में समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### गरज-चमक के साथ हुई तेज बारिश, 3 घंटे तक फंसे वाहन



**मैनपुर।** गुरूवार को मैनपुर क्षेत्र में फिर एक बार मौसम ने करवट लिया और दोपहर 3 बजे तेंज आंधी -तूफान के साथ झमाझम बारिश लगभग एक घंटा झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया और बिजली के चमक और गरज के कारण विद्युत विभाग के कई कलपूर्जे उड़ गए जिसके चलते बिजली बंद हो गई है। समाचार लिखे जाने पर मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के सैकड़ो गांव में बिजली व्यवस्था बाधित हो गया है बिजली कब बहल होगी बताने वाला कोई नही है वहीं बारिश से मौसम में थोड़ा ठंडकता देखने को मिल रही शेष पेज 12 पर

# बदहाल भवन में उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित, मरीजों की जान जोखिम में

**दीवारें दरकने लगी हैं, छत का छप्पर भी गिरने की कगार पर, मरम्मत की दरकार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र आज खुद बीमार हालत में पहुंच गए हैं। लोहरसी सहित आसपास के गांवों में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं। दीवारें दरकने लगी हैं, छत की टप्पर कभी भी गिर सकती है, खिड़कियां और दरवाजे टूट चुके हैं। ऐसे में मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों की जान हमेशा खतरे में बनी रहती है। ग्रामीणों ने भवन की मरम्मत की मांग को कई बार उठाया, लेकिन प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया है।

मरम्मत नहीं, खतरा और बढ़ा स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भवन की हालत इतनी खराब हो गई है कि



### मरम्मत पर नहीं दिया ध्यान

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी ग्राम पंचायत लोहरसी के सरपंच लोमस साहू ने कहा कि पूर्व में अगर विभाग और सरकार ने ध्यान दिया होता तो आज यह हालत नहीं होती। अब भी अगर समय रहते मरम्मत का कार्य नहीं किया गया तो ग्रामीणों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की भी भारी कमी है, खासकर महिला नर्स के अभाव में महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने विभाग और प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द भवन की मरम्मत कराई जाए ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।


मरीजों को इलाज के दौरान जान हथेली पर रखनी पड़ रही है। अस्पताल की छत से टप्पर गिरने का खतरा है और छड़ों के बाहर निकलने से हादसों की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर भवन की मरम्मत नहीं की गई तो किसी दिन बड़ी अनहोनी हो सकती है। कई मरीज डर के मारे आसपास के शहरों में प्राइवेट अस्पतालों का रुख कर रहे हैं, जिससे समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण कई बार अप्रिय घटनाएं भी हो चुकी हैं। असामाजिक तत्वों का अड्डा बना भवन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की जर्जर हालत का फायदा उठाकर कई जगह यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। चिकित्सा विभाग की अनदेखी से लाखों रुपये की लागत से बने भवन अब बेकार पड़े हैं और गिरने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

**कार्रवाई : रेत माफिया नियम को ताक पर रखकर दिन-रात नदी से अवैध रेत निकासी कर रहे**

# खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई अवैध खनन में लगी चेन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिले में अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने के तमाम प्रयासों के बावजूद यह गतिविधि थमने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर पर पैरी नदी क्षेत्र में अवैध रेत खनन धड़ल्ले से जारी है। रेत माफिया नियम-कानूनों को ताक पर रखकर दिन-रात नदी से अवैध रेत निकासी कर रहे हैं। प्रशासन और माइनिंग विभाग की कार्रवाई के बावजूद अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देश और मार्गदर्शन में 14 मई 2025 की शाम माइनिंग विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिटईबंद-बकली, तहसील राजिम क्षेत्र से अवैध रेत खनन के मामले में एक बिना नंबर की चेन पोकलेन मशीन को जब्त किया। मशीन को मौके पर लावारिस हालत में पाए जाने के बाद पंडुका थाने में अभिरक्षा में खड़ा किया गया है अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बताया जा रहा है कि विगत एक वर्ष से पैरी नदी क्षेत्र में रेत माफियाओं का आतंक कायम है। नदी का सीना छलनी कर बड़े पैमाने पर अवैध रेत का दोहन किया जा रहा है। रेत की भारी मांग और उसके काले कारोबार में जुड़े दलालों के चलते जिले में अवैध रेत परिवहन का जाल बिछ चुका है। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से की, बावजूद इसके अवैध खनन का धंधा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।



### ग्रामीणों ने की कठोर कार्रवाई की मांग

क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि अवैध रेत खनन के कारण न केवल नदी का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जाएं।

### प्रशासन के लिए चुनौती बना अवैध रेत खनन

माइनिंग विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीमों द्वारा समय-समय पर छापेमारी और जब्ती की कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन खनन माफिया भी नई रणनीतियों के साथ सक्रिय रहते हैं। सूत्रों की माने तो अवैध रेत खनन में बड़े स्तर पर मशीनों और वाहनों का उपयोग हो रहा है। ऐसे में विभाग के लिए इस पर रोक लगाना बड़ी चुनौती बना हुआ है। कोपरा स्थित पैरी नदी में एवं तटबंध नर्सरी में बेख़ौफ़ रेत का उत्खनन हो रहा है। रेत माफिया रात के अंधेरे में रेत डंप कर रहे है। इस पूरे मामले में नदी किनारे के नर्सरी में लगे पेड़ पौधे को रेत लोडिंग करने उखाड़ दिए गए हैं। इस अवैध कारोबार में नगर पंचायत सीएमओ और जनप्रतिनिधि की खामोशी भी संदेश के दायरे में है।



# निलंबित बीईओ ने शिविर में आत्महत्या करने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

सुशासन तिहार के मंच पर उस वक्त सन्नाटा पसर गया, जब देवभोग के निलंबित बीईओ प्रदीप शर्मा ने माइक थामते ही आत्महत्या की धमकी दे डाली। उन्होंने कहा कि 31 मई तक मेरे मामले में अगर कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया, तो उसके बाद किसी भी दिन मैं आत्महत्या कर लूंगा क्या है पूरा मामला? क्यों गरजे प्रदीप शर्मा? 6 सितंबर 2022 को निलंबित हुए प्रदीप शर्मा का दावा है कि उन्हें झूठे आरोपों के आधार पर बर्खास्त किया गया। पहले सुखचंद बेसरा की शिकायत पर जांच हुई, जिसमें उन्हें क्लीन चिट मिली। फिर दोबारा जांच कर उन्हें "थोड़ा बहुत दोषी" करार दिया गया और तब से अब तक बहाली नहीं हुई। पूर्व बीईओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि वे तीन बार माननीय न्यायालय से बहाली का आदेश ला चुके हैं।

**प्रतिवेदन भेजा गया है-** एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने कहा की प्रदीप शर्मा की मांगों का समाधान शासन स्तर पर होना है प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर को भेजा गया है।

### केड़ीआमा का 19वां स्थापना दिवस आज, विधायक साहू होंगे शामिल

**मुड़ागांव(कोरासी)।** मुख्यमंत्री गोद ग्राम केड़ीआमा में 19वां स्थापना दिवस 16 मई को मनाया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य), विशेष अतिथि मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा अवध राम साहू जनपद सदस्य खड़मा, योगेश ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत कनेसर, लता मूलचंद साहू उप-सरपंच ग्राम पंचायत कनेसर एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कनेसर सभापति अघन सिंह ठाकुर पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा एवं ग्राम संरक्षक पुरान सिंह ठाकुर ग्राम प्रमुख एवं ग्राम संरक्षक के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। एवं पंडवानी कार्यक्रम तुलसी के फुल दोपहर 12 बजे से अतिथियों के आगमन तक होगा।

# महिला सरपंच, व्यायाम शिक्षक पति और अन्य दो के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिले की ग्राम पंचायत आमदी म में महिला सरपंच के पति की मनमानी व पंचायत कार्यो में हस्तक्षेप का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विवादों के बढ़ते घटनाक्रम में मंगलवार आमदी म की महिला सरपंच रेखा ठाकुर उनके पति जयंत ठाकुर अन्य दो दिव्यांश पटेल तथा लूणकरण के खिलाफ बीएनएसएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता नेहरू साहू के अनुसार 10 मई की रात जयंत ठाकुर दिव्यांश पटेल रेखा ठाकुर और लूणकरण ठाकुर, शिक्षक नगर आमदी में मेरे घर के सामने आकर मेरे बड़े भाई जीवन एस साहू का नाम लेकर अश्लील गंदी गाली गलौज कर रहे थे। समाचार छापने से नाराज धमकी दे रहे थे। पिछले दिनों आमदी म के वार्ड नं 09 में सरकारी पैसे से बनाया गया कूड़ादान को मोहल्लेवासियों की जानकारी के बिना तुडवा दिया गया, जिससे कचरा शेष पेज 12 पर

# किडनैप, कंकाल और कत्ल की गुत्थी उलझी, 9 माह बाद लड़की लौटी जिंदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

जिले में एक नाबालिक लड़की 9 महीने से लापता थी जिसके अपहरण और हत्या की आशंका में पुलिस ने एक कब्र खुदवाई थी लेकिन अब लड़की अचानक घर लौट आई जिससे पूरे मामले में एक नया मोड़ आ गया है अगस्त 2024 में अचानक गायब हुई मैनपुर विकासखण्ड के चलनापदर की एक नाबालिक लड़की ने मंगलवार रात जब घर की दहलीज पर कदम रखा तो पूरा गांव सन्न रह गया। लड़की के लापता होने के बाद पुलिस ने अपहरण, हत्या और कंकाल की कहानी तक बुन डाली थी यहां तक की एक कब्र तक खुदवा दी गई थी लेकिन अब उस लड़की के वापसी ने मामले को रहस्यमयी मोड़ दे दिया है।

- 9 माह बाद घर लौटी तो दहलीज पर कदम रखते ही पूरा गांव सन्न रह गया

अपहरण का मामला दर्ज कर जिसे ढूंढने दूसरे कब्र तक खोद दिया गया था। वह 9 माह बाद घर लौट आई।पुलिस को बताई रिश्तेदार के घर बालोद में रह रही थी। मामला संवेदनशील इसलिए पुलिस न्यायालय के समक्ष कराएगी बयान दर्ज। ग्राम चलनापदर में अपने बुआ के घर रह रही नाबालिग, अगस्त 2024 में अचानक घर से लापता हो गई थी,इसे ढूंढने पुलिस शेष पेज 12 पर

### ढूंढने पुलिस ने कब्र खोद दिया था

परिजनों की सूचना पर पुलिस ने अगस्त 2024 में अपहरण का मामला दर्ज कर लिया। जांच आगे बढ़ी तो कॉल डिटेल में नाबालिग के पास मौजूद नंबर से चलनापदर निवासी पड़ोसी 40 वर्षीय युवक से बातचीत होना पाया गया। 31 जनवरी 2025 को संदेही को हिरासत में लेकर पुलिस ने जांच शुरू किया, जवाब गोल मोल आया, हत्या की आशंका जताई गई। पुलिस ने सख्ती से पूछा तो संदेही ने गांव के श्मशान घाट में एक कब्र को दिखा दिया।कार्यपालिक दंडाधीकारी की मौजूदगी में कब्र खोदा गया।लेकिन निकला कंकाल 10 साल पुराना प्रतीत हुआ। जिसके बाद पुलिस ने जांच की दिशा बदला था।



**दिव्यांग जनों को वितरित की गई मोटराईज्ड ट्राई-साइकिल**

# प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से करें आवेदन निपटारा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 मई को ग्राम रसेला के स्कूल प्रांगण में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 15 ग्राम पंचायतें रसेला, रूवाड, मुढीपानी, मेडकीडबरी, कुडेरादादर, दादरगाव नया, कोठीगाव, पड्रीपानी गोंड, कनसिघी, भरूवामुडा, सिवनी, केवटीझर, सेम्हरा, पेंड्रा, टोनहीडबरी सहित सभी पंचायतों के ग्रामीणों हुए शामिल। कार्यक्रम की शुभारंभ सभी पहुंचे हुए जनप्रतिनिधियों ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा कृषि सभापति, कलेक्टर बीएस उइके, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, नारायण सिन्हा, मिलनतीन कुंजाम, बिमला नागेश, संतोषी ध्रुव, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, लता नागेश, रबी मरकाम, तुलेश्वर ध्रुव, हेमलता ध्रुव, विजय कृष्ण, भोजराज नागेश, गोमती सोरी, यमुना मरकाम, गंगा बाई ठाकुर, ललिता ध्रुव, चन्द्रिका नेताम, सरिता ध्रुव सहित 15 पंचायत के जनप्रतिनिधि मंच पर उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा ने कहा कि सुशासन तिहार के शेष पेज 12 पर





# पेंशनर्स महासंघ ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ गरियाबंद द्वारा अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। महासंघ ने अपनी मांगों में पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स के हित में शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। महासंघ ने ज्ञापन में प्रमुख रूप से मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित करने, केंद्र सरकार के समान देय तिथि से पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को एरियर सहित महंगाई राहत (डीआर) देने, जिला पेंशन कार्यालय और संयुक्त संचालक पेंशन कार्यालय की स्थापना, पेंशनर्स को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के संपूर्ण सेवाकाल शेष पेज 12 पर



# रोड एक्सीडेंट में घायलों को मिलेगा डेढ़ लाख तक निशुल्क उपचार, आईआरएडी पोर्टल होगा मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सड़क हादसे में घायल होने वालों को स्वास्थ्य योजना में पंजीकृत अस्पतालों में डेढ़ लाख तक निशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके लिए इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटा बेस (आईआरएडी) पोर्टल मददगार होगा। इस ऐप का संचालन पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन और एनएचएआई की सहभागिता से होगा। ऐप का उद्देश्य एक्सीडेंट के पीड़ितों के त्वरित उपचार के साथ ब्लैक स्पॉट और कारणों का मंथन कर कमियां दूर करना भी है।

सूत्रों के मुताबिक इस ऐप की पासवर्ड आईडी चारों विभागों को दी गई है। इसमें में सभी विभाग अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर एंट्री करेंगे। कई बार इस तरह की स्थिति बनती है कि घटना के बारे में समुचित जानकारी नहीं होने पर घायलों को त्वरित उपचार की सुविधा नहीं मिल पाती। पुलिस के साथ अन्य विभाग सड़क हादसे की समीक्षा में अपनी प्रमुख भूमिका नहीं निभा पाते। आईआरएडी इन्हीं कमियों को दूर करेगा। सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि इस योजना के तहत रोड एक्सीडेंट में जख्मी होने वाला प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना नकद रहित उपचार योजना का पात्र होगा। योजना के अनुसार पीड़ित दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिनों के भीतर किसी भी पीएमजेएवाय योजना में पंजीकृत अस्पताल में भर्ती होकर 1.50 लाख रुपये तक की राशि का निशुल्क उपचार करा सकेगा। इससे घायलों के इलाज पर होने वाले खर्च की चिंता दूर होगी। साथ संबंधित पोर्टल पर दुर्घटना की सही और त्वरित प्रविष्टि से न केवल सहायता प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि राज्य और केंद्र सरकार को सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी नीतियाँ तैयार करने में भी सहायता मिलेगी।

## सड़क हादसा कम करने, घायलों का त्वरित उपचार, कारणों पर मंथन का उद्देश्य

### पिछड़ रहे अस्पताल वाले

सूत्रों के अनुसार आईआरएडी पोर्टल में एंट्री करने में पुलिस सक्रियता दिखा रही है, मगर शासकीय और निजी अस्पताल वाले इसमें पिछड़ रहे हैं। अस्पतालों के पंजीयन काउंटर में बैठने वाले कर्मचारियों को इस पोर्टल एंट्री करने की जिम्मेदारी गई है। कई बार ऐसा होता है कि घटना के बाद घायल सीधे अस्पताल पहुंच जाते हैं और पुलिस को इसका पता नहीं चल पाता। पोर्टल में एंट्री इस समस्या का समाधान कर सकती है। अस्पतालों की सुस्ती को दूर करने विभागीय अफसरों द्वारा निर्देश जारी किया गया है।




■ पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन और एनएचएआई की सहभागिता से संचालित हो रहा एप

*मददगार को 25 हजार की सम्मान राशि*

*इस योजना के तहत घायलों की मदद कर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। पूर्व में मददगार को 5 हजार रुपये दिए जाते थे जिसे बढ़ाकर अब 25 हजार रुपये किया गया है। इसके अलावा मदद करने वालों के घटना के अलावा अन्य तरह की पूछताछ नहीं की जाएगी। अक्सर यह बात सामने आती है कि आम लोग पुलिस पचड़े में फंसने के डर से सड़क हादसों के प्रत्यक्षदर्शी होने के बाद भी मदद के लिए सामने नहीं आते।*

---

## खबर संक्षेप



### जनप्रतिनिधीयों का सम्मान समारोह 18 को

**छुरा।** नवोदित कोसरिया अहीर समाज तरेंगा द्वारा सर्व यादव समाज का नवनिवार्चित जनप्रतिनिधीयों का सम्मान समारोह व समाजिक पदाधिकारियो शपथग्रहण समारोह का आयोजन दिनांक 18 को नगर भवन भाटापारा में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव महापौर राजनांदगांव, अध्यक्षता रामनरेश राय महापौर चिरमिरी एवं विशिष्ट अतिथि गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग, द्वारकाधीश यादव विधायक खल्लारी, रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, शिव रतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, देवनारायण यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत सरगुजा, संदीप यदु उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर एवं रमेश यदु प्रदेश अध्यक्ष सर्व यादव समाज होंगे। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश भर में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष रिखीराम यादव, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष सतीश यादव ,नगर पंचायत देवभोग के उपाध्यक्ष सुशील यादव सहित नवनिर्वाचित जनपद की सम्मान समारोह में भाग लेंगे।

### आपदा राहत के तहत पीड़ित को 4 लाख रुपए की आर्थिक मदद

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजन को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर तहसील के फिंगेश्वर निवासी 46 वर्षीय राधाबाई सोनवानी की कुंआ में गिरकर डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन चन्द्रहास कुमार को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### संसाधन भत्ता को लेकर पटवारी संघ ने राजस्व मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने बुधवार को प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान संघ ने मंत्री को वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा संसाधन भत्ता को लेकर पूर्व में की गई घोषणा को याद दिलाते हुए अप्रैल 2025 से संसाधन भत्ता पटवारियों को प्रदाय कराने की मांग की। संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप ने बताया कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट सत्र में पटवारियों को ऑनलाइन कार्य के लिए संसाधन भत्ता देने की घोषणा की थी। इस घोषणा के तहत अब तक संसाधन भत्ता दिया नहीं गया है। उन्होंने कहा कि पटवारियों द्वारा ऑनलाइन के सारे कार्य जैसे खसरा संकलन, संशोधन, विलोपन, नक्शा बटांकन, ऑनलाइन अभिलेख दुरुस्ती के अलावा फसल गिरदावरी, जियो रिफ्रेसिंग, कृषि संगणना आदि योजनाओं को भुईयां के माध्यम से ऑनलाइन डिजिटलीकरण कार्य अपने संसाधन से करते हैं।

---

### कांग्रेस ने सभी जिलों में किया प्रदर्शन

# कर्नल सोफिया के लिए अभद्र टिप्पणी करने वाले भाजपाई मंत्री का कांग्रेस ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश की जांबाज बेटी भारतीय सेना की कर्नल सोफिया के बारे में भारतीय जनता पार्टी के नेता और मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विजय शाह का पुतला फूंक कर विरोध जताया।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने मांग की है कि मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त किया जाय। उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाय। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दल के नेता की बद्जुबानी के लिये देश की जांबाज बेटी कर्नल सोफिया से तत्काल माफी मांगें। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के उस मंत्री को अभी तक बर्खास्त क्यों नहीं किया, जिसने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ बेहद शर्मनाक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बयान दिया? केवल राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा इन टिप्पणियों की निंदा कर देना पर्याप्त नहीं है। मंत्री का बयान भाजपा की विकृत मानसिकता को दर्शाता है। बुधवार को रायपुर शहर, रायपुर ग्रामीण, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, बालोद, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई शहर, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर बस्तर ग्रामीण, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, बिलासपुर शहर, बिलासपुर ग्रामीण, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया सहित कांग्रेस के सभी जिला एवं ब्लाकों में पुतला दहन किया गया।



### शहर कांग्रेस ने फूंका पुतला

कांग्रेस भवन गांधी मैदान के सामने एकत्रित कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनके इस्तीफे की मांग की। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, आज पूरा देश उनके इस बयान से आक्रोशित है। भाजपा को स्पष्ट करना चाहिये कि यह बयान भाजपा का है या उसकी विचारधारा का। पुतला दहन कार्यक्रम में कन्हैया अग्रवाल, पंकज शर्मा, उधोराम वर्मा, मदन तालेड़ा, सुरेश ठाकुर, नवीन चंद्राकर, प्रशांत ठेंगडी, दिनेश ठाकुर, आकाश तिवारी, बंशी कन्नौजे, अविनय दुबे, दिनेश तिवारी, योगेश तिवारी, नंदकुमार पटेल, गावेश साहू, प्रवीण चंद्राकर, विक्की वाधवानी, शीतल कुलदीप बोगा, पंकज सिंह ठाकुर, भूपेंद्र जलक्षत्री, सुयश शर्मा, संगीता दुबे, लोकेश्वरी साहू, सुषमा ध्रुव, आरती देवी, पदमा कहार, शब्बीर खान, राज देवांगन, ब्रम्हा सोनकर, मोहम्मद आसीफ, नवीन लाजरस, महावीर देवांगन, मुन्ना मिश्रा उपस्थित थे।

---

# कभी घर में ढेकी देखकर ब्याही जाती थी बेटियां, अब बनी म्यूजियम की शोभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला



आज हम लोगों में से बहुत लोग ढेकी का नाम भी नहीं सुने होगे, और ना ही कभी देखे होंगे कि ढेकी आखिर चीज क्या है? वर्तमान में गेहूं पीसने , धान कूटने के लिये बड़ी बड़ी राईस मिले, आटा चक्की मशीने उपलब्ध है। पहले के जमाने में जब ये मशीने नहीं थे तब धान कूटने के लिये लकड़ी से बनी ढेकी का ही सहारा था। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग प्रत्येक धर में ढेकी होती थी, ढेकी के लिये अलग से कमरा होता था जिसमें सिर्फ धान कूटने का ही काम किया जाता था। अधिकांशत धरों के बरामदे में किनारे ढेकी को स्थापित किया जाता था।वैसे कई घरों के बरामदे में भी ढेकी देखने को मिलते थे,पैर से ढेंकी के एक सिरे को दबाया जाता है तो दुसरे तरफ धान पर ढेकी की चोट पड़ती थी और धान कूटने का कार्य परंपरागत तरीके से हो जाता था,बेटी ब्याहने से पूर्व लड़की के परिजन इसलिये ढेकी देखते थे कि शादी के बाद उनकी बेटी को धान कूटने के लिए दूसरे के घर नहीं जाना पड़ेगा । ढेकी से कूटे हुए धान में पौष्टिक तत्व अधिक मात्रा में रहती थी, जो खाने में भी काफी स्वादिष्ट होता था,ढेकी से कूटे चावल की खुशबू भी गजब की रहती थी जो वर्तमान के मिलावटी खाने से कई बेहतर थी।

## समाधान शिविर सिर्फ एक ढकोसला : नेताम



**रसेला।** पूर्व उपसरपंच संतराम नेताम ने प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे समाधान शिविर को आम जनता के साथ मजाक सरकार कर रही है। नेताम ने कहा कि रसेला में समाधान शिविर में एक भी आवेदन का निराकरण नहीं हुआ इसके एक तरफ साय सरकार सुशासन समाधान शिविर मनाने का ढकोसला कर रही है। वहीं दूसरी ओर शिविरों में सिर्फ भाजपा करण हो रहा है। शिविर में सरकार का फोकस समस्या के निराकरण में नहीं है। भाजपा की सरकार बनने के बाद से बिजली कटौती आम हो गया है, पेयजल व्यवस्था बदहाल है, बूंद बूंद पानी के लिए जनता तरस रही है, मनरेगा के श्रमिक काम के इंतजार में खाली बैठे हैं। और यह सरकार जन सरोकार से आंख मूंदकर सुशासन समाधान शिविर कर रहे हैं। नेताम ने कहा कि शिविर में कोई भी मंत्री, सांसद, विधायक आते हैं तभी अधिकारी कर्मचारी सजग रहते हैं, अन्यथा अपने हिसाब से शिविर संपन्न करते हैं। शिविर में यहां देखने को मिला किसानों को धान बीज और किसान को क्रेडिट कार्ड जबकि यहां चीज सोसायटी में मिल जाते हैं। और हितग्राहियों जाब कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटर ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र, और किसी किसी सम्मान किया गया। इसके सिवाय शिविर में कुछ भी देखने को नहीं मिला। समाधान शिविर का मतलब है कि आमजन की समस्या का मंच पर ही निराकरण हो, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिविर सिर्फ आमजन को ढकना है। नेताम ने यहां भी कहा कि जितना शिविर में विभाग लगायें गये थे, उनसे ग्रामीण आफिस में जाकर मिल जाते हैं और अपना काम भी करवा लेते हैं। शिविर लगाने से कोई भी क्षेत्र के ग्रामीणो को फायदा नहीं हुआ है।

---

# तीन साल से तबादलों पर प्रतिबंध नहीं बनी नीति, कर्मचारी परेशानी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




छत्तीसगढ़ में शासकीय सेवकों के लिए पिछले तीन साल से सरकार ने तबादलों पर प्रतिबंध लगा रखा है। यही नहीं तीन साल से सरकार ने तबादला नीति भी नहीं बनाई है। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र भेजकर जल्द से जल्द नवीन स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग की है।

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को बड़ी राहत दिलाने के उद्देश्य से कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने राज्य में वर्षों से लगे स्थानांतरण प्रतिबंध को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि वर्ष 2022 में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्थानांतरण नीति तो जारी की गई थी, लेकिन इसके तीन वर्ष बीतने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया गया है। इससे प्रदेश के हजारों शासकीय कर्मचारी मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

■ फेडरेशन ने उठाया मुद्दा, सीएम, सीएस से की मांग

■ पति-पत्नी की पोस्टिंग अलग-अलग जगहों पर

### फेडरेशन ने कही ये बात, रखी मांग

पति-पत्नी प्रकरण में पारस्परिक स्थानांतरण की सुविधाःवर्तमान नीति में पति-पत्नी दोनों यदि शासकीय सेवक हैं, तो उनके एक ही स्थान पर पदस्थापना की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। इससे दंपती दूर-दूर स्थानों पर कार्यरत होने के कारण पारिवारिक जीवन में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। पूर्व में मान्यता प्राप्त संगठन पदाधिकारियों को स्थानांतरण में छूट दी जाती थी, लेकिन वर्तमान स्थानांतरण नीति में इसका उल्लेख नहीं है। मध्यप्रदेश की नीति में यह व्यवस्था आज भी लागू है, जिसे छत्तीसगढ़ में भी शामिल किया जाना चाहिए। गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की मांग के साथ कहा गया है कि दिव्यांग, कैंसर, हार्ट सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित कर्मचारियों को स्थानांतरण में प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे बेहतर इलाज व पारिवारिक सहयोग प्राप्त कर सकें।

---

■ भाजपा कार्यालय में 300वीं जयंती पर पहुंचीं यूपी महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष सुषमा सिंह

# अहिल्याबाई ने राज-व्यवस्था, न्याय और सुशासन को किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उत्तरप्रदेश महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष सुषमा सिंह ने कहा, आज 300 वर्ष के बाद हमें पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में जानने का अवसर मिला है। यह पार्टी कार्यकर्ताओं के नाते हमारे लिए और सभी परिवारों के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने देवी अहिल्याबाई को महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बताते हुए कहा, उनका पूरा जीवन सामाजिक सुधारों, सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा।

उन्होंने महारानी अहिल्याबाई के शासनकाल की चर्चा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हो रहे जन कल्याण और महिला सशक्तीकरण के काम महारानी अहिल्याबाई के शासनकाल से पूरी तरह जुड़ाव रखते हैं। कृषि, पर्यावरण, प्रजा कल्याण और जीव जन्तुओं की चिंता करने वाली लोकमाता अहिल्यादेवी के शासनकाल में कभी अकाल नहीं पड़ा। महिलाओं को उन्होंने सैन्य टुकड़ी में शामिल किया, ठीक उसी तरह आज भी महिलाएं भारतीय सेना में नेतृत्व कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर में व्योमिका सिंह व सोफिया कुरैशी के रणनीतिक नेतृत्व कौशल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, मोदी शासनकाल में भी महिलाओं के विकास व कल्याण के साथ-साथ उनके आर्थिक समाजिक व राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में काम हो रहे हैं। इस अवसर पर अहिल्याबाई जयंती कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक नारायण चंदेल, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।



■ छत्तीसगढ़ में भी होंगे 31 मई तक कई कार्यक्रम

■ आज भी महिलाएं भारतीय सेना में नेतृत्व कर रही

*15 दिनों तक होंगे विविध कार्यक्रम : भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कार्यक्रमों और कार्यशालाओं की तिथिवार जानकारी देते हुए कहा कि 16 से 18 मई तक सभी जिला कार्यालयों में कार्यशालाएं पूर्ण होंगी। 21 व 22 मई को सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 23 और 24 मई को मंदिरों की सफाई की जाएगी। 25 और 26 मई को महाविद्यालय स्कूलों व छात्रावासों में गोष्ठी-परिचर्चा के कार्यक्रम होंगे। 26 और 27 मई को मंडल इकाइयों के स्तर पर गोष्ठी व परिचर्चा रखी जाएगी। 28 मई को जनपद मुख्यालयों, 29 मई को नगर पंचायतों एवं 30 मई को नगर पालिकाओं के स्तर पर गोष्ठी परिचर्चा व महिला सम्मान समारोह के कार्यक्रम होंगे। इन सभी कार्यक्रमों के जरिए अहिल्याबाई के संपूर्ण व्यक्तित्व व कर्तव्य विस्तार से जन-जन तक पहुंचना है।*

---

## पेज 11 के शेष...

### महिला सरपंच, व्यायाम...

निस्तारण में आ रही परेशानी को लेकर जीवन एस साहू द्वारा समाचार लिखा गया। पेपर में समाचार छपने से नाराज होकर रात में पत्रकार को धमकी दी गई। पत्रकार जीवन उस रात किसी विवाह कार्यक्रम में गये थे, गाली गलौज सुनकर उसके भाई नेहरू साहू उसका पुत्र और पुत्रवधु घर के बाहर आये और उनको समझाने की कोशिश की।घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में वीडियो फुटेज की जानकारी थाने में दी गई है।

**पहले भी दर्ज है मामला-** आमदी म की महिला सरपंच रेखा ठाकुर के पति शासकीय शिक्षक है लेकिन पंचायत कार्यों में दखल देते रहते हैं। मार्च महीने में तिवारी परिवार द्वारा वर्षों पूर्व बनाए गए पूर्वजों के मठ को भी तुडवा दिया था, जिसमे सरपंच पति के ऊपर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। दिव्यांश पटेल और लूणकरण पर भी प्रतिबंधात्मक धाराओं में मामला दर्ज है।

**सुशासन तिहार शिविर में भी शिकायत-** आपको बता दें कि पत्रकार जीवन एस साहू के भाई नेहरू की रिपोर्ट पर चारों आरोपियों पर धारा 296, 351 (2), 3( 5) लगाई गई है। आमदी म गांव के बहुत से लोगों ने सढौली में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में शासकीय शिक्षक सरपंच पति और उनके संबंधित कुछ लोगों द्वारा गांव में शांति भंग कर अराजकता फैलाने को लेकर शिकायत की है।

### किडनैप, कंकाल और...

ने संदेही को हिरासत में लिया,हत्या की आशंका भी जताई गई तो संदेही निशानदेही पर कब्र तक खोद डाला गया। लेकिन कब्र में कंकाल मिली जो 10 साल पुरानी निकली। कई आरोप प्रत्यारोप के बीच पुलिस मामले में पतासाजी में जुटी थी,अचानक इसी बीच मंगलवार की रात लापता नाबालिग अपने माता पिता के पुरनापानी स्थित कुरलापारा गांव पहुंच गई।जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दिया।

जिसके बाद औपचारिक बयान लेने के बाद देवभोग पुलिस ने युवती को परिजनों के हवाले कर दिया है। थाना प्रभारी फैजुल होदा शाह ने कहा कि अगस्त में जब व्यप हरण का मामला दर्ज किया गया था तब नाबालिग थी,अब बालिग ही चुकी है। युवती के मामले का प्रतिवेदन माननीय न्यायालय को भेजा जा रहा है।बी एन एस 183 के तहत न्यायालय के समक्ष कथन दर्ज किया जाएगा।कथन अनुसार अपराध होना पाया गया तो उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर उचित कार्यवाही की जायेगी।

**आदिवासी समाज ने घेरा था थाना-** संदेही लालधर गौड़ के मामले में आदिवासी विकास परिषद ने 27 मार्च को देवभोग थाने का घेराव कर दिया था। समाज के नेत्री लोकेश्वरी नेताम और संजय नेताम के नेतृत्व में समाज ने ज्ञापन भी सौंपा जिसमें लालधर को बेकसूर बताया था। आरोप लगाया गया था कि पुलिस ने लालधर को शारीरिक मानसिक यातनाएं दी।पिटाई से लालधर का एक पैर टूट गया है।

### गरज-चमक के साथ...

है। वहीं दूसरी ओर कई जगहो पर बड़े–बड़े पेड़ व वृक्षों के डंगाल गिर गए मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे मार्ग में तौरेंगा के नजदीक सड़क के उपर विशाल पेड़ गिर जाने से लगभग तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा हालाकि पुलिस और यात्रियों के द्वारा पेड़ को काट कर हटाया गया तब कहीं जाकर आवगमन सूचारू हो पाया इस दौरान सड़क के दोनो ओर नेशनल हाईवे में वाहनो की लंम्बी कतार लग गई और यात्रीगण परेशान होते रहे।

**बिजली व्यवस्था चरमराई-** मैनपुरक्षेत्र मे आंधी- तूफान बारिश के बाद बिजली व्यवस्था बाधित हो गई है जिसके कारण लोग परेशान हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर इन दिनों धान कटाई कार्य तेज गति से चल रहा है और खेतों में धान के करपा रखा हुआ है जो बारिश से खराब हो रही है तो कई धान के पौधे पहले ही बारिश और आंधी-तूफान से जो टूट कर गिर गए हैं वह खराब होने की संभावना है।

### प्रशासनिक अमला....

अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण होने के साथ- साथ उनके मांगों एवं समस्याओं का भी यथोचित निराकरण हो पाया। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा की समाधान शिविर में अधिकारी कर्मचारी आवेदनों का समुचित निराकरण करें। इस अवसर पर कलेक्टर बीएस ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटरइज्ड ट्राई 3 लोगों को साइकिल दी गई। मनरेगा से हितग्राही को जाब कार्ड तथा कृषि विभाग से किसानों को धान बीज और सहकारिता विभाग से क्रेडिट कार्ड के साथ श्रवण यंत्र और छड़ी प्रदाय की गई।

**शिविर में हुआ ब्लड प्रेशर व मधुमेह परीक्षण-** इसी कड़ी में आसिफ हुसैन रसेला को भारत नाट्यम नित्य कला क्षेत्र, सीमा कंवर दसवीं में 86 प्रतिशत, रूवाड से नेशनल लेबल कबड्डी खिलाड़ी राकेश नागेश, प्रेम सागर दीवान, पण्डवानी कलाकार खेमीन निषाद , कोठी गांव दर्शन लाल ने अपने नाती को चीता से बचाया था, कुडेरादादर से मितानिन बिराजो बाई को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में अग्रणी, ओंकार ठाकुर मुढीपानी से छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार इन सभी को श्री फल एवं शाल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयां का वितरण किया गया।

**आवेदन के निराकरण की दी जानकारी-** शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विधुत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग, सहित विभिन्न विभागों द्वारा आवेदन के निराकरण की जानकारी दी गई। सभी विभागीय अधिकारीयों ने निराकरणों का वाचन किया। इसके अलावा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, एसडीएम, तहसीलदार, डीईओ, सहित जिला स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी के साथ 15 पंचायतों के ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधियों मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत के सचिवों का विशेष सहयोग रहा।

### पेंशनर्स महासंघ ने...

की गणना पेंशन अवधि में किए जाने की मांग उठाई है। इस दौरान भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ गरियाबंद के जिलाध्यक्ष लखन लाल साहू के नेतृत्व में दशरथ लाल सिन्हा, गुलाब राम वर्मा, राजेंद्र सिंह परिहार, रामलाल सिन्हा (पाण्डुका), रामराज पटेल और तेजस शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप




### मुख्यमंत्री, विधायक का माना आभार



**छुरा।** सुशासन तिहार के तहत ग्राम मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री पहुंचकर क्षेत्र के प्रमुख मांगों की घोषणा की एवं अन्य कामों को जल्द ही पूरा करने की घोषणा पर क्षेत्र के सरपंच संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू समस्त अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। , प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम मड़ेली में 132 केवी विद्युत की स्थापना ताकि क्षेत्र में लो वोल्टेज से लोगों को राहत मिल सके, छुरा से मड़ेली राजिम रोड चौड़ीकरण के साथ की पीपरछेड़ी बांध के अधूरे कार्य को पूर्ण करने की घोषणा से क्षेत्र के सरपंच सहित ग्रामीणों ने आभार माना है। सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्नालाल धुव ने कहा की यह सब मांगे क्षेत्र के लोगों की है जिसे मुख्यमंत्री गंभीरता से सुने, घोषणा की है, इसके लिए हम सबका आभार व्यक्त करते हैं। प्रमुख रूप से संरक्षक अशोक कुमार ध्रुव, जगबाई ध्रुव, रुपउ राम धुव,यशवंत ठाकुर, लता बाई, नीराबाई ,डेमेश्वर दीवान, बहुर दीवान, लता भूपेंद्र ध्रुव, करण कुमार ध्रुव ,योगेश कुमार ध्रुव,गोमती धुव, तोरण बाई ठाकुर, चेमिन दीवान हैं।

### 10वीं में रघुवर, 12वीं में अंजली-पूजा ने मारी बाजी



**मैनपुर।** सीजी बोर्ड परीक्षाओं में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मैनपुर के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं मे 80 प्रतिशत एवं 12वीं में 86 प्रतिशत विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं गणित संकाय से अंजली ठाकुर ने 78 प्रतिशत पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय के पूजा साहू ने विद्यालय में द्वितीय पायदान पर काबिज हुए। कक्षा दसवीं में रघुवर ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकुश अग्रवालने 86.8 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर के प्राचार्या माधुरी नागेश, गोविंद परस, टीकम पटेल, प्रदीप कुमार, शशि साहू, उतमा सिंह, ने इस परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने पर विद्यालय की तरफ से शुभकामनाएं दी। वही दूसरी ओर उच्चतर मध्यामिक शाला मैनपुर कक्षा 12 वी गणित संकाय से अंजली ठाकुर 78 प्रतिशत कक्षा 12 वी गणित संकाय से पूजा साहू 76 प्रतिशत प्राप्त किए है।

## कार्रवाई : भाजपा व कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

# रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, पांच हाईवा जब्त, सड़क पर लगी रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

गुरूवार को नवापारा में एक बार फिर रेत भरे हाइवा के आने से जमकर हंगामा हुआ। नागरिको ने नगर पालिका तिराहे पे रेत से भरी हाइवा को रोका। अधिकारियों को फोन किया। बहुत मुश्किल से रायपुर से माइनिंग विभाग से डीके साहू पहुंचे और 5 गाड़ियों के ऊपर कार्रवाई की। बता दें कि गाड़ी रोके जाने के खबर पर दोनों तहसीलदार राजकुमार साहू और सृजन सोनकर तथा सीएमओ प्रदीप मिश्रा पहले ही पहुंच गए थे। मौजूद भीड़ ने माइनिंग अधिकारी को बुलाते रहे मगर वे बहुत देर बाद यहां पहुंचे। एक तरह से नागरिकों और अफसरों के बीच गर्मागर्म बहस भी हुई। सोमवारी बाजार और पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहन के प्रवेश पर प्रतिबंधित होने का बोर्ड लगा हुआ है। शहर के बीच बाजार से प्रतिबंधित समय में रेत से ओव्हरलोड तेज रफ्तार हाइवा के निरंतर चलने पर शनिवार को नवापारा शहर में पालिका के सामने मेन रोड पर व्यापारी वर्ग तथा कांग्रेस-भाजपा के स्थानीय नेता सड़क पर उतर गए थे और गाड़ियो को रोककर पुलिस, माइनिंग एवं तहसीलदार को फोन कर मौके पर बुलाया और कार्रवाई के लिए मजबूर किए।




### 6 से 10 बजे तक भारी वाहनों पर रोक

बाजार में भीड़ होने के कारण हर वक्त दुर्घटना की संभावना अलग बनी रहती है। गुरूवार को एक बार फिर से प्रतिबंधित समय में हाइवा के शहर के भीतर आने पर सोशल मीडिया में पोस्ट को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष होरीलाल साहू, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, राजा चांवला, सचिन सचदेव, मुकुंद मेश्राम, रेशम हुंदल, राकेश सोनकर, ज्ञानचंद लालवानी, वीरेंद्र राजपूत, बल्लु साहू, नम्मु ठाकुर, सहदेव कंसारी, दीपाली राजपूत, अर्जुन साहू, फागु देवांगन, बॉबी चांवला सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका के सामने पहुंचे और आक्रोश जाहिर किया तब कहीं रायपुर से माइनिंग अधिकारी, नवापारा पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। तब तक कोई 5 घंटे लोगों की भीड़ सड़क पर लगी रही।



गाड़ियों को थाना ले जाया गया और एक बार फिर से सख्त चेतावनी दी गई कि प्रतिबंधित समय सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहन के आवागमन पर रोक रहेगी। इस बार भी दोनों पार्टी के स्थानीय बड़े नेता एकजुट होकर कार्रवाई के लिए माइनिंग अधिकारी और प्रशासन को मजबूर किया। रेत भरकर यह हाइवा महानदी के बुड़ेनी, परेवाडीह में चैन माऊंटेन मशीन लगाकर अवैध रूप से रेत उत्खनन कर आ रही थी।

# पांच दिनों में न हटे शराब ठेके तो होगा बड़ा आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

सुशासन तिहार समाधान शिविर देवभोग नगर पंचायत में आयोजित समाधान शिवर में सोना मूंदी वार्ड वासीयों ने मंच पर चढ़ कर आंदोलन की चेतावनी दे डाली। दरअसल सोना मूंदी में संचालित अंग्रेजी देशी शराब दुकान को हटाने वार्डवासी पिछले तीन साल से शासन प्रशासन को आवेदन देते आ रहे हैं,आज उन्हें समाधान शिविर में मांग पूरी होने की उम्मीद थी।पर मांग पुरा नहीं होते देख बिफरे वार्डवासियों ने मंच पर मौजूद एसडीएम समेत पालिका अध्यक्ष के समक्ष 5 दिन के भीतर कार्यवाही नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी पत्र थमा दिया। वार्डवासियों ने कहा अब आंदोलन ही एक मात्र रास्ता है।इस चेतावनी के बावजूद मांग पर गंभीरता नहीं दिखाने वाली प्रशाशन अब भी रटा रटाए जवाब देकर पल्ला झाड़ने की कोशीश कर गया।

### इसलिए हटाना चाह रहे वार्डवासी शराब दुकान

शराब दुकान के चलते होने वाली भीड़ और आस पास फैल रही प्लास्टिक और बोतल की गंदगी से लोग परेशान है। पीने वाले शिशु मंदिर संस्थान के परिसर से लेकर आस पास के निजी प्रोपटएँ में बैठ कर शराब पीते है।बोतल फोड़ कर फेंकने से हादसे भी हुए। सोना मूंदी वार्ड वासीयों की आवाजाही दुकान स्थित रोड पर है।सड़क पर सुबह शाम मदिरा प्रेमियों की भीड़ लगी होती है।महिलाओं और स्कूली बच्चों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।शराब दुकान के चलते महिला समूह द्वारा बनाए गए कार्यशाला भी ठप्प हो गया है। जिसके बाद पिछले एक साल दुकान हटाने की मांग लगातार हुई है। वार्ड वासी,महिला समूह ने कदलीमूड़ा आए प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल,सीएम के नाम ज्ञापन दिया है नगर पंचायत में फिर से अवगत कराया गया फिर से वहीं आश्वासन समस्त ग्रामवासी ग्राम सोनामुंदी के लिखित चेतावनी के बाद नगर पंचायत समाधान शिविर में मौजूद एसडीएम ने दुकान हटाने की मांग पर जल्द ही कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है।

## मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त किया जाए : जनक



**मैनपुर।** मध्यप्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए दिए गए आपत्तिजनक और अमर्यादित बयान पर बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कड़ी निंदा करते हुए मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त करने की मांग किया है। श्री ध्रुव ने कहा कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में मंत्री विजय शाह द्वारा दिया गया बयान न केवल एक गंभीर अपराध है बल्कि भारतीय सेना की गरीमा, देश की एकता और सामाजिक सदभाव पर भी खुला हमला है यह बयान मंत्री विजय शाह की संर्कीण मानसिकता, और गैर जिम्मेदाराना रवैया के भी नमूना है जो उन्हे एक जनप्रतिनिधी वि"ोश कर मंत्री पद के लिए पूरी तरह आयोग्य सिद्ध करता है विधायक जनक ध्रुव ने मांग किया कि मंत्री विजय शाह को मंत्रीमंडल से तत्काल बर्खास्त किया जाय और उनके उपर कठोर कानूनी कार्यवाही किया जाए साथ ही वे कर्नल सोफिया कुरैशी से सार्वजनिक मांफी मांगे।

## बारूला स्कूल के 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर




ग्राम पंचायत बारूला में शासकीय मिडिल स्कूल के परीक्षाफल परिणाम में पूर्व अपर कलेक्टर भीखम चंद साहू एवं उनके भाई सरपंच सुकदेव साहू ने उतीर्ण सभी बच्चों को ईनाम का वितरण किया। वहीं पर उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर अपने स्वर्गवासी पिता स्व.मेहतरराम साहू जो ग्राम पंचायत बारूला के तीन पंचवर्शिय सरपंच रहे हैं,उनके स्मृति मे आठवीं बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों सभी बच्चों को मोमेंटो और प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को रजत पदक से स्वतंत्रता दिवस की पावन अवसर पर सम्मानित करने की घोषणा की। सरपंच सुखदेव साहू ने बताया कि हमारे पिताजी स्व. मेहतराम साहू ग्राम पंचायत बारूला मे जो छत्तीसगढ़ पंचायत अधिनियम 1962 के तहत गठित ग्राम पंचायत बारूला के प्रथम और तीन बार सत्र 1963 से 1977 तक निर्विरोध सरपंच रहे। उन्होंने ग्राम सेवा के साथ साथ समाज सेवा मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इसलिए उनकी स्मृति मे छात्रें को सम्मानित करने का निर्णय हमारे परिवार के द्वारा लिया गया है। इस अवसर पर सरपंच सुकदेव साहू,पालकगण, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र उपस्थित थे।

# कचना धुरवा महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

नगर के कचना धुरवा महाविद्यालय मे रंगोली /मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम रखा गया जिसमें डीएल एड प्रथम वर्ष एवं डी एल एड द्वितीय वर्ष के समस्त छात्र- छात्राओं ने इस रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। साथ ही इस रंगोली प्रतियोगिता में अनोखी रंगोली देखने को मिला जिसमे हाल ही में भारत के सेनाओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के नाम जो पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों को तबाह करने के छोड़ा गया था जिसमें डीएलएड के छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से हमारे भारतीय सेनाओं की एवं ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की, वहीं डीएलएड के छात्रों ने एक भारतीय सेना का रंगोली बनाया जिसमें दिखाया गया है कि किस प्रकार एक भारतीय सेना बॉर्डर के डटे रहकर हमारे देश की रक्षा करता है। वहीं सभी छात्र -छात्राओं ने अपने स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम अपनी एक शिक्षाप्रद कलाकृति के माध्यम से समाज को संदेश दिया और अपने अपने हिसाब से अनेक प्रकार की रंगोली तैयार कर छात्र छात्राओं ने सुंदर एवं आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी अपनी कला दिखाई। इस अवसर पर डीएलएड विभाग के प्रभारी



केआर साहू साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक टीके निर्मलकर आरआर कुर्रे, देवेंद्र भारती, वीके यादव, एन यादव एवं डीएलएड के समस्त छात्रगण उपस्थिति थे।

## कलेक्टर ने कहा- पीमए आवास में लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त

# काम में भारी लापरवाही, 34 ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कार्यों को पूर्ण कराने कलेक्टर श्री बीएस उइके जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में जाकर मैदानी अमलों की लगातार बैठक ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज गुरूवार को मैनपुर के सामुदायिक भवन में ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्रें की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में पीएम आवास की कम प्रगति एवं कार्य अपूर्णता पर गहरी नाराजगी जताते हुए कुल 34 ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इनमें ग्राम पंचायत कुहीमाल, घुमरापदर, खोखमा, शोभा, धोबनमाल, भूतबेड़ा, सरनाबहाल, भेजीपदर, कोयबा, जांगड़ा, ढोढर्रा, मुड़ागांव, धारनीधोढा, धनोरा, गोलामाल, कुचेंगा, कोकड़ी, इंदागांव, साहेबिनकछार, बोईरगांव, खजूरपदर, बुरजाबहाल, तौरेंगा, अमाड़, गोढ़ियारी, सगड़ा, सिहारलटी, गरहाडीह, देहारगुड़ा, साल्हेभाठा, कुल्हाड़ीघाट, बुड़गेलटप्पा एवं गौरगांव के पंचायत सचिव शामिल है।

गरियाबंद कलेक्टर श्री बीएस उईके ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री आवासा योजना केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण एवं फ्लैगशिप योजना है। इसके तहत पात्र लोगों को आवास की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता पाये जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने पंचायतवार स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत, हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं अप्रारंभ कार्यों की जानकारी लेकर अप्रारंभ कार्यों को जल्द शुरू करने और जारी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम पंकज डाहिरे, सीईओ जनपद सुश्री श्वेता वर्मा सहित तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### शिकायत पर संबंधितों पर होगी कड़ी कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत कुल 11 हजार 33 आवास वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 1 हजार 277 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष प्रगतिरत है। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना अंतर्गत धीमी प्रगति वाले पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों का जिओ टैगिंग भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे, जिओ टैगिंग, इंस्टॉलमेंट के नाम से अवैध वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस संबध में शिकायत पाए जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई लापरवाही न बरते। सर्व संबंधित सक्रियता एवं गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए लोगों को योजना से लाभान्वित कराये। पहले ही बारिश और आंधी- तूफान से जो टूट कर गिर गए हैं वह खराब होने की संभावना है।

॥ भावपूर्ण श्रद्धांजली ॥

"नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयंत्यापो न शोषयति मारुतः ॥"



स्व. श्री बाबूलाल साहू

मान्यवर,
आप सभी से निवेदन है कि मृत आत्मा की शांति हेतु
दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने का कष्ट करें.

कार्यक्रम
दिनाँक 16 मई 2025, शुक्रवार
समय – दोपहर 12.00 बजे से
स्थल – निज निवास, पथर्रा, राजिम

– संपर्क सूत्र –
9826873852
9826135354
7987329226

– शोक संतप्त –
श्रीमती सोनई साहू (माँ)
मोतीलाल साहू (बड़े भाई)
रामकुमार साहू (छोटे भाई)
अनुशासन साहू, शिवेंद्र साहू (पुत्र)

टीप :– जिस किसी भी सज्जन को शोक–पत्र नहीं मिला पाया हो तो कृपया इसे ही आमंत्रण समझें।

## खबर संक्षेप



### पुल-पुलिया एवं मोड पर रोड किनारे पेड़ पर लगाया रेडियम

**छुरा।** जिले में पुलिस विभाग द्वारा दुर्घटना में कमी और लोगों में जागरूकता लाने विभिन्न आयोजन का लोगों को यातायात के प्रति समर्पित होने लगा था अपील किया जा रहा है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशा पर यातायात पुलिस गरियाबंद के द्वारा छुरा रोड में एक्सीडेंट की बढ़ते प्रकरण को देखते हुए छुरा रोड में एक्सीडेंटल पॉइंट, पुल- पुलिया एवं मोड पर रोड किनारे पेड़ों पर रेडियम लगाया गया ताकि रात्रि में वाहन चलाने वाले चालकों को सड़क के मोड़ आसानी से देख जाए। इस रेडियम चस्पा किया गया। इस मौके पर यातायात विभाग के एस आई रामाधार मरकाम, धमेंद्र ठाकुर, मणि लाल, अनिल पाण्डेय, कोमल साहू विरेन्द्र पटेल का विशेष योगदान रहा।

### नगर पंचायत में प्रथम परिषद की हुई बैठक



**राजिम।** गुरूवार को नगर पंचायत राजिम के प्रथम परिषद की बैठक संपन्न हुई जिसमें देश भक्ति के जज्बे को लेकर राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ किया गया। इस बैठक में नगर विकास के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा व सहमति बनी। नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव की अध्यक्षता में यह बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सीएमओ मनीष गायकवाड़, इंजीनियर नीतेश भंवर लेखपाल वेद, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकार, सभापति भारत यादव, सभापति मंशाराम कुर्रे, सभापति आकाश सिंह राजपूत, पार्षद तुषार कदम, जानकी पटेल, नरोत्तम जुगू ठाकुर, अंजनी-उत्तम निषाद, बलराम यादव, सुरेश पटेल, टंकु सोनकर, अजय पटेल, सुमित्रा निराला ,रेखा-कुलेश्वर साहू व राजिम नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण के साथ आवास भी मुफ्त लाईवलीहुड कॉलेज में प्रवेश शुरू

**गरियाबंद।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी गरियाबंद में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत कोर्सों में निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जायेगा। इसके अंतर्गत संचालित टैक्सी ड्रायवर, सोलर पीवी इंस्टालर (सूर्यमित्र), मशरूम ग्रोवर, राजमिस्त्री, बांस कारीगर, इलेक्ट्रॉनिक, रिटेल बिक्री सहायक, खाद्य एवं पेय परिचारक, आफिस कार्यालय सहायक, दस्तावेज सहायक इत्यादि ट्रेडो में कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 18 वर्ष से 45 वर्ष तक के इच्छुक हितग्राही अपना पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, एवं जाति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ लाईवलीहुड कॉलेज, टोनही नाला के आगे, देवभोग रोड, गरियाबंद में आकर आवेदन कर सकते है।

## निधन

### शिवकुमार यदु

**नवापारा-राजिम।** सेवानिवृत्त शिक्षक शिवकुमार यदु का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे परमेश्वर, खूबलाल यदु के पिता तथा पवन यदु के बड़े भाई थे।



### विजय जांगड़े

**नवापारा-राजिम।** स्थानीय सदर रोड निवासी विजय जांगड़े उम्र 40 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को मुक्तिधाम में किया गया। वे कान्हा,रवि,गोकुल व किशन गिलहरे के बड़े भाई थे।



**समस्या : स्वास्थ्य एवं आश्रित ग्रामों में पहुंचने के लिए नहीं है पक्की सड़क, ग्रामीण हो रहे हैं परेशान**

# तेन्दुबाय में जल जीवन मिशन ठप, टंकी निर्माण अधूरा, गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

**खास खबर**

गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचल मे बसे ग्रामों के विशेष पिछड़ी जनजाति भूंजिया एवं आदिवासी ग्रामों मे निवास करने वाले ग्रामीणों को शासन की मूलभूत योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं इसके जमीनी हकीकत देखने वाला कोई नहीं है जिसके चलते जंगल के भीतर ग्रामों की स्थिति बेहद खराब होती जा रही है और यहां सरकार के मूलभूत योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नही मिल पा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 32 किमी दूर गरियाबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत तेन्दूबाय जिसकी जनसंख्या लगभग 1360 के आसपास है और इसके पांच आश्रित पारा टोला कोचईमुड़ा, बाघमार, पिपलाकन्हार, खासरपानी, कसहीबाहरा जो जंगल के भीतर बसा हुआ है। यह ग्राम पंचायत में सबसे ज्यादा विशेष पिछड़ी जनजाति भूंजिया समाज के लोग निवास करते है जिनके विकास और कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित किए जाने का दावा शासन प्रशासन द्वारा किया जाता है लेकिन इस ग्राम पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति भूंजिया समाज के लोगों को आज भी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और जमीनी स्तर पर इसे देखने वाला कोई नहीं है। ग्राम पंचायत तेन्दूबाय में पिछले ढेड़ वर्ष से लगभग 60 लाख रुपए की लागत से जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण किया जा रहा है लेकिन यह निर्माण कार्य पिछले तीन माह से बंद पड़ा हुआ है निर्माण कार्य क्यों बंद है कोई बताने वाला नहीं है और तो और निर्माण स्थल पर संबंधित विभाग और कार्य एजेंसी द्वारा सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है जिससे यह पता चल सके कि जल जीवन मिशन के तहत इस टंकी का निर्माण कब तक किया जाना है गांव मे घरो के सामने नल की टोंटी लगायी गई है लेकिन टंकी निर्माण कार्य पूरा नही होने के कारण पानी नही निकल पा रहा है। तेन्दूबाय मे कहने को तो एक दर्जन हैण्डपंप है जिसमें से चार हैण्डपंप खराब पड़े हुए है और दो हैण्डपंपो से गर्मी में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण पानी की जगह सिर्फ हवा फेंक रही है ग्रामीण कुंआ का पानी का उपयोग करें है।





### खेतों में ट्यूबवेल खनन की मांग

ग्राम पंचायत तेन्बूबाय एवं उसके आश्रित ग्रामो मे निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति भूंजिया समाज के ग्रामीण पवित्रराम, बुधराम, भानूराम, मनीराम, देवलाल ने बताया की सिकासार जलाशय के नीचे हमारा ग्राम पंचायत क्षेत्र बसा हुआ है लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि सिकासार जलाशय का पानी इन ग्रामों के किसानों को नहीं मिल पाता। गांव में खेती -किसानी किसान करना चाहते हैं लेकिन सिंचाई का कोई साधन नहीं है। ग्रामीणों ने शासन से ट्यूबवेल खनन कर खेतों में सिंचाई का मांग किया है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सके।

### नहीं दिया रहा ध्यान

ग्राम पंचायत तेन्दूबाय में उपस्वास्थ्य केन्द्र नही होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के लोगों को ईलाज कराने के लिए छुरा, रसेला, गरियाबंद, पिपरछेड़ी या मैनपुर जाना पड़ता है ग्रामीणों ने कई बार उपस्वास्थ्य केन्द्र और डॉक्टर की मांग कर थक चुके है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर अबतक कोई ध्यान नहीं देना समझ से परे है।



### आश्रित ग्रामों में पहुंचने के लिए पक्की सड़क का अभाव

ग्राम पंचायत तेन्दूबाय के आश्रित ग्राम कोचईमुड़ा, बाघमार, पिपलाकन्हार, खासरपानी, कसहीबाहरा मे पहुंचने के लिए पक्की सड़क नही होने के कारण बारिश के दिनो में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है कच्ची पगडंडी जंगल मार्ग होने के कारण ग्रामीण परेशान हो जाते है और राशन सामग्री सहित अन्य कृषि धान बीज खाद पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पडता है ग्रामीणों ने आश्रित ग्रामों में पक्की सड़क निर्माण की मांग किया है।

### वन विभाग ने लगाई आपत्ती

ग्राम पंचायत तेन्दूबाय के सचिव द्वारिका प्रसाद राठौर ने बताया की जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रहे टंकी निर्माण कार्य बंद है और आश्रित ग्रामों में पहुंचने के लिए पक्की सड़क की जरूरत है। कई बार प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है वन विभाग द्वारा आपत्ती लगाने के कारण सड़क नहीं बन पा रहा है।

# बिहार के बक्सर में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए धनेंद्र साहू






हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

राहुल गांधी ,नेता प्रतिपक्ष लोकसभा के द्वारा बिहार में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित ,बिहार की शक्ति, देश की प्रगति के तहत युवाओं के लिए शिक्षा न्याय संवाद (शिक्षा, नौकरी, भागीदारी), का शुभारंभ पटना के कार्यक्रम में शामिल होकर किए। उसी समय बिहार के 63 जिलो में यह शिक्षा न्याय संवाद, कार्यक्रम का आगाज हुआ। जिसमें विशेषकर एसटी, एससी और पिछड़े वर्गों एवं अन्य बेरोजगार युवकों को रोजगार देने, 50% आरक्षण का सीमा हटाने, शिक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने, युवाओं को कर्ज नहीं नौकरी दिलाने, 3 साल के कोर्स को 3 साल में ही करने का मांग डबल इंजन की सरकार से रहेगा। बिहार में 62 स्थान पर साथ कार्यक्रम रखा रखा गया है जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, नई दिल्ली के द्वारा बक्सर जिला का प्रभारी धनेंद्र साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस को बनाया गया है। राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख 62 पदाधिकारियों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा इस कार्यक्रम के लिए 62 स्थान का प्रभारी बनाया गए है। आज बक्सर में धनेंद्र साहू ने शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। धनेंद्र साहू के साथ राकेश कुमार मुन्ना कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी बिहार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण उपाध्याय, विश्वनाथ राम विधायक, उमा शंकर पांडे पीसीसी डेलीगेट एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी तथा हजारों की संख्या में युवा शामिल हुए।

# शिक्षक अर्जुन व गिरवर ने हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण में की भागीदारी

**स्काउटिंग गतिविधियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा यह प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी छत्तीसगढ़ में स्काउटिंग को आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। स्काउटिंग गतिविधियों को पूर्ण दक्षता के साथ प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचाने के उद्देश्य से आधारशिला विद्या निकेतन न्यू सैनिक स्कूल बिलासपुर हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई। विदित हो कि हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण, यूनिट लीडर का सर्वोच्च कोर्स होता है। राज्य भर के 38 स्काउट मास्टर एवं 25 रोवर लीडर ने सहभागिता निभाई। जिले से नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं फिंगेश्वर विकासखंड से गिरवर यादव प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए।शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने बताया कि यह कोर्स स्काउट के बेसिक और एडवांस से बहुत अलग था। इसमें अनुशासन के साथ समय की पाबंदी थी। नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु यह अत्यंत महत्वपूर्ण कोर्स था। प्रशिक्षण में दिन की शुरुआत बीपी सिक्स, मार्च पास्ट, पीटी, ड्रिल से होती थी। हॉर्स शू में विशिष्ट शैली के साथ ध्वजारोहण, कक्ष निरीक्षण, निरीक्षण रिपोर्ट, फ्लैग ऑनर, प्रशिक्षण सत्र का व्यस्त शेड्यूल रोटा चार्ट के अनुसार निर्धारित था। नॉटिंग, लेसिंग, पायनियरिंग, गैजेट्स, कैंपिंग में टेंट लगाना सिखाया गया। केवल कंपास के माध्यम से नाइट हाईक और बिना बर्तन के भोजन बनाने की परीक्षा ने रोमांचित कर दिया। सेशन के दौरान स्काउटिंग के उद्देश्य, सिद्धांत, परिचय, भारत में स्काउटिंग की शुरुआत, स्काउटिंग दल संचालन करने की जानकारी, झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, लीडरशिप, प्रवेश, दीक्षा, प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान, राज्य पुरस्कार, राष्ट्रपति स्काउट, दक्षता बैज, दिशा ज्ञान, कंपास, दूरी मापन, अनुमान लगाना, प्राथमिक सहायता, स्ट्रैचर निर्माण, घाव के प्रकार, पट्टी, पट्टी के प्रकार, सीटी के संकेत, खोज के चिन्ह, गांठे जैसे अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। स्काउट विंग में शिविर संचालक संतोष कुमार साहू एवं राज्य संगठन आयुक्त विजय यादव, डॉ. पूनम सिंग साहू, शांतनु कुर्रे, मृत्युंजय शुक्ला, गिरीश पाढ़ी सहायक शिविर संचालक थे। वहीं रोवर सेक्शन में शिविर संचालक कैलाश सोनी एवं अमित क्षत्रिय, दिलीप पटेल, प्रदीप सेन, जितेन्द्र डडसेना सहायक शिविर संचालक थे।

**हितग्राहियों को ट्राई सायकल व श्रवण यंत्र से किया गया लाभान्वित**

# समाधान शिविर बना जन सुनवाई का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों की मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम परसदाजोशी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। शिविर में कृषि विभाग द्वारा 8 किसानों को धान बीज, 3 किसानों को नये किसान क्रेडिट कार्ड, 07 हितग्राहियों को किसान किताब, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को मोटराईज्ड ट्रायसाइकल, 4 दिव्यांग को श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 7 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 5 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। शिविर में कलेक्टर बीएस उइके, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम विशाल महाराणा, जिला पंचायत सभापति श्रीमसमाधान शिविर में हितग्राहियों के आवेदनों का किया जा रहा निराकरण फिंगेश्वर के परसदाजोशी में शिविर का हुआ आयोजन हितग्राहियों को ट्राई सायकल, किसान क्रेडिट कार्ड और जॉब कार्ड, श्रवण यंत्र से लाभान्वित किया गया।

■ आवेदनों का हो रहा त्वरित निराकरण

